दिनांक 31.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस.के.सुन्दरानी ने नेवई ट्रेचिंग ग्राउण्ड में डम्प होने वाले कचरो का व्यवस्थित रुप से निष्पादन एवं अज्ञात लागों के द्वारा बार–बार आग लगाये जाने को नियंत्रण के लिए बीएसपी प्रबंधन एवं निगम प्रशासन के अधिकारियों का 07 सदस्यीय संयुक्त दल का गठन किया गया है। गठित दल का अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिंह अधीक्षण अभियंता होंगे का आदेश प्रसारित किया गया है।

गठित दल द्वारा प्रतिदिन नेवई ट्रेचिंग ग्राउण्ड की व्यवस्था के संबंध में बैठक आयोजित कर ट्रेचिंग ग्राउण्ड में डम्प गीले एवं सुखे कचरे का निष्पादन तथा आग पर नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हथालन नियम 2016 एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल गाईड लाईन अनुसार कार्य संपादन करेंगे, नेवई ट्रेचिंग ग्राउण्ड स्थल पर एस.एल.आर.एम. सेंटर की स्थापना करने एवं नेवई ट्रेचिंग ग्राउण्ड में आने वाले गीले कचरे से कम्पोस्ट तैयार करने, पुराने डम्प कचरे का विन्ड्रोज, विन्ड्रोज को नियमित अन्तराल पर पलटा जावे, इस प्रक्रिया में लिचेट तथा मिथेन का उत्पन्न होने से रोका जावे, प्रक्रिया उपरान्त स्टेबलाईज वेस्ट का उपयोग आर्गेनिक खाद बनाने के लिए किया जावे। आयुक्त श्री सुंदरानी ने उक्त सभी कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य का निर्वहन करेंगे, दिये गये निर्देश के अनुरुप कार्यवाही नहीं किये जाने पर गठित दल के समस्त सदस्य सीधे जवाबदार होगे। इसलिए प्रसारित आदेश के समस्त बिन्दुओं पर व्यवस्था बनाकर कार्य सुनिश्चत करें।

गठित दल में श्री सत्येन्द्र सिंह अधीक्षण अभियंता को अध्यक्ष, श्री टी.के. रणदिवे जोन आयुक्त जोन 06 रिसाली को सचिव, श्री के.के. यादव सहायक महाप्रबंधक जन स्वास्थ्य विभाग बी.एस.पी. को सदस्य, श्री डी.के. वर्मा जोन आयुक्त जोन 05 को सदस्य, श्री आई.एल. यादव स्वास्थ्य अधिकारी को सदस्य, श्री आर.के. साहू कार्यपालन अभियंता वाहन शाखा को सदस्य, स्वच्छता निरीक्षक जोन 05 एवं 06 को सदस्य बनाया गया है।

गठित दल के अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिंह अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में समस्त सदस्य नेवई ट्रेचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी